6 SEM TDC HINH (CBCS) C13

2 0 2 4

(May)

HINDI

(Core)

Paper : C–13

(हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता)

Full Marks : 80
Pass Marks : 32

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'कविवचन सुधा' पत्रिका का प्रथम संपादन किसने किया था?

(ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी की किस पत्रिका को प्रथम श्रेष्ठ साहित्यिक पत्रिका कहा गया है?

(ग) "हिन्दी नई चाल में ढली"—यह उक्ति किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

(घ) 'छत्तीसगढ़ मित्र' पत्रिका का संपादन सर्वप्रथम किसने किया था?

(ङ) गणेश शंकर विद्यार्थी की 'प्रताप' पत्रिका किस शहर से प्रकाशित होती थी?

(च) पं० चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' जयपुर से किस पत्रिका का संपादन करते थे?

(छ) द्विवेदीयुगीन किसी एक प्रमुख पत्रिका का नाम लिखिए।

(ज) भारत में साहित्यिक पत्रकारिता की शुरुआत कब हुई थी?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) प्रेमचंदयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता की चार प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(ख) भारतेन्दुयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता का परिचय दीजिए।

(ग) द्विवेदीयुगीन किन्हीं चार प्रमुख साहित्यिक पत्रिकाओं का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) पत्रकारिता के क्षेत्र में हिन्दी साहित्यकार प्रेमचंद के योगदान का उल्लेख कीजिए।

(ङ) छायावादयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(च) 'प्रताप' पत्रिका के बारे में विस्तारपूर्वक लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 14×4=56

(क) साहित्यिक पत्रकारिता को परिभाषित करते हुए इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति की विवेचना करते हुए समकालीन पत्रकारिता की विभिन्न प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) द्विवेदीयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता का परिचय देते हुए इसकी प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(घ) प्रेमचंदयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ङ) समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता के विभिन्न माध्यमों को उद्घाटित कीजिए।

(च) स्वातंत्र्योत्तर साहित्यिक पत्रकारिता की प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

(छ) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पत्रिकाओं के बारे में लिखिए :

जनसत्ता ; हिन्दी प्रदीप ; भारत मित्र ; बनारस अखबार ; स्वदेश।

★★★

Total No. of Printed Pages—3

6 SEM TDC HINH (CBCS) C14

2024

(May)

HINDI

(Core)

Paper : C–14

(प्रयोजनमूलक हिन्दी)

Full Marks : 80
Pass Marks : 32

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी का अंग्रेजी पर्याय क्या है?

(ख) भारतीय संविधान ने हिन्दी को कब राजभाषा का दर्जा दिया था?

(ग) कठोर मानकीकरण से भाषा में कौन-सी दृष्टि पैदा होती है?

(घ) मानक भाषा को और किस नाम से जाना जाता है?

(ङ) संचार की प्रक्रिया जब बड़े पैमाने पर होती है, तब उसे क्या कहते हैं?

(च) आकाशवाणी का प्रादुर्भाव किस युग में हुआ?

(छ) पारिभाषिक शब्दावली को प्रमाणित करने का कार्य किसका है?

(ज) By-Law का पारिभाषिक शब्द क्या है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×6=24

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी का प्रयोग किन-किन क्षेत्रों में होता है? लिखिए।

(ख) भाषा के स्वरूप पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(ग) मानक हिन्दी से क्या तात्पर्य है?

(घ) हिन्दी भाषा के मानकीकरण की दिशा में कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं? लिखिए।

(ङ) अर्ध-सरकारी पत्र का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(च) मसौदा-लेखन पर एक टिप्पणी लिखिए।

(छ) देश के विभिन्न राज्यों में कौन-कौन सी भाषा में पारिभाषिक शब्दावलियाँ प्रचलित हैं? उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×4=48

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी से आप क्या समझते हैं? इसके स्वरूप को सविस्तार प्रस्तुत कीजिए।

(ख) हिन्दी की संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डालिए।

(ग) मानक भाषा क्या है? हिन्दी के मानकीकरण की शैलियों एवं विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) संचार माध्यम के रूप में चलचित्र के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

(ङ) पारिभाषिक शब्दावली के स्वरूप और महत्त्व का उल्लेख कीजिए।

(च) पारिभाषिक शब्दावली की निर्माण-प्रक्रिया की समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(छ) प्रशासनिक पत्राचार के विविध प्रकार के बारे में आलोचना कीजिए।

★★★